# भारत हमको जान से प्यारा है



भारत हमको जान से प्यारा है
सबसे न्यारा गुलिस्ताँ हमारा है
सदियों से भारत भूमि दुनिया की शान है
भारत माँ की रक्षा में जीवन कुर्बान है
भारत हमको जान से ....



उजड़े नहीं अपना चमन, टूटे नहीं अपना वतन
दुनिया भर धरती कोरी, बरबाद ना करदे कोई
मंदिर यहाँ, मस्जिद वहाँ, हिंदू यहाँ मुस्लिम वहाँ
मिलते रहे हम प्यार से
जागो ...

हिंदुस्तानी नाम हमारा है,
सबसे प्यारा देश हमारा है
जन्मभूमि है हमारी शान से कहेंगे हम
सभी तो भाई-भाई प्यार से रहेंगे हम
हिंदुस्तानी नाम हमारा है





असम से गुजरात तक, बंगाल से महाराष्ट्र तक
इनके सभी गुण एक हैं, भाषा अलग सुर एक हैं
कश्मीर से मद्रास तक, कह दो सभी हम एक हैं
आवाज दो हम एक हैं
जागो....

फिल्म : रोजा
संगीतकार : ए.आर. रहमान
गीतकार : पी.के. मिश्र
गायक : हरिहरण

Copyright- SCERT Assam
not to be republished

## अभ्यास-माला

**पाठ से :**

1. प्रस्तुत गीत को सभी मिलकर एक साथ गाएँ। (शिक्षक-शिक्षिका इसमें बच्चों की सहायता करें।)
2. गीत को ध्यान से पढ़ो और सही कथनों के आगे ☑ और गलत कथन के आगे ☒ का निशान लगाओ :

   (क) सबके लिए अपना देश जान से प्यारा होता है। ☐
   (ख) सदियों से भारत दुनिया का गौरव रहा है। ☐
   (ग) यह कोई नहीं चाहता कि उसका देश टूट कर अलग हो जाए। ☐
   (घ) हमारे देश में हिंदू-मुसलमानों में एकता नहीं है। ☐
   (ङ) हम सब भारतवासी हैं। ☐
   (च) भारत में अनेक भाषाएँ प्रचलित हैं। ☐
3. नीचे दिए गए गीतांश के भाव को अपनी भाषा में लिखो :

   असम से गुजरात तक, बंगाल से महाराष्ट्र तक
   इनके सभी गुण एक हैं, भाषा अलग सुर एक हैं
   कश्मीर से मद्रास तक, कह दो सभी हम एक हैं
   आवाज दो हम एक हैं
   जागो....

**पाठ के आस-पास :**

1. कुछ देशप्रेममूलक फिल्मी गीतों को संकलित करके एक पुस्तिका बनाओ और उनमें से तुम्हारी पसंद का कोई एक गीत कक्षा में गाकर सुनाओ।
2. तुम्हारे संकलन में आए गीतों की एक तालिका बनाओ : (तुम लोगों की सहायता के लिए गीत की एक पंक्ति दी गई है)

| क्रमिक संख्या | गीत की पहली पंक्ति | फिल्म का नाम | संगीतकार का नाम | गायक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेरे देश की धरती | | | |
| 2 | | | | |
| .... | | | | |

Copyright SCERT, Assam
not be republished

3. भारत भूमि सदियों से 'दुनिया की शान' बनी रही, इसके कारण क्या-क्या हो सकते हैं ? कक्षा में चर्चा करो।

4. गीत में हिंदू और इस्लाम धर्म का संकेत मिलता है। हमारे देश में और क्या-क्या धर्म हैं ? इन धर्मों की प्रमुख सीखें क्या-क्या हैं ? इसकी जानकारी प्राप्त करो। फिर मंडली में बैठकर सभी धर्मों की समान बातों को ढूँढ़कर लिखो।

5. अपने देश या मातृभूमि के लिए हमारा क्या कर्तव्य होना चाहिए ? अपना विचार प्रकट करो।

6. राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ? आपस में चर्चा करो और लिखो।

..........................................................................................................

..........................................................................................................

7. 'भाषा अलग सुर एक हैं'- हमारे देश में अनेक भाषाएँ एवं बोलियाँ प्रचलित हैं। भारत की कुछ भाषाओं के नाम लिखो और उल्लेख करो कि वे मुख्य रूप से किस राज्य में बोली जाती हैं ?

| भाषा का नाम | किस राज्य में यह भाषा बोली जाती है |
|---|---|
| 1. | |
| .. | |
| ... | |
| .... | |
| ..... | |

8. हमारे देश के मानचित्र को ध्यान से देखो और सामूहिक रूप से देश के सभी राज्यों को पहचान कर उसकी एक तालिका बनाओ।

Copyright - SCERT, Assam
not be republished

9. निम्नलिखित कविता की पंक्तियों को पढ़कर उसका मूलभाव लिखो और एक उचित शीर्षक दो :
भारत देश महान है।

तीन रंग का इसका झंडा,
यह भारत की शान है।।
इस झंडे को नमन करें हम,
यह हम सबकी शान है।
भारत देश महान है।।
कलकल–कलकल बहती नदियाँ,
करतीं यश का गान हैं।
भारत देश महान है।।



**भाषा–अध्ययन :**

1. "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी" - इस कथन का मूल भाव स्पष्ट करो और अपनी जन्मभूमि की रक्षा के लिए तुम क्या करोगे, पाँच वाक्यों में लिखो :

(क) ____________________

(ख) ____________________

(ग) ____________________

(घ) ____________________

(ङ) ____________________

**आओ, पाठ में आए कुछ शब्दों के अर्थ जानें :**

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| जान | प्राण | चमन | हरी क्यारी, फुलवारी, छोटा बगीचा |
| न्यारा | निराला, अलग | वतन | मातृभूमि, देश |
| गुलिस्ताँ | बाग, बगीचा, वाटिका | कोरी | खाली, रिक्त |
| शान | गौरव | बरबाद | नष्ट |
| कुर्बान | बलिदान, न्योछावर | आवाज | स्वर, ध्वनि, नारा |

***टिप्पणी :*** आज के तमिलनाडु राज्य का पुराना नाम मद्रास है। मद्रास शहर को इन दिनों **चेन्नई** कहते हैं।

Copyright- SCERT, Assam
not be republished